SL. No. : FF

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 46 ]
Total No. of Questions : 46 ]

**CCE RF**
**REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2018 ] [ Date : 04. 04. 2018

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-00 Noon

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 46 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1. सिंगफो आदिवासी कहाँ के निवासी थे ?
2. 'समय की पहचान' कविता में कवि ने किस पर विश्वास करने को कहा है ?
3. इंटरनेट बैंकिंग से क्या लाभ है ?
4. कलाम और जलालुद्दीन किस विषय पर बात करते थे ?
5. पवन का ताप किसके हुक्म पर चढ़ता-उतरता है ?
6. परसाई जी को सम्मेलन में क्यों बुलाया गया था ?

II. 7. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

| 'क' | | 'ख' | |
|---|---|---|---|
| अ) | सेब | i) | चुगलखोर |
| आ) | मकान की छत | ii) | हाथी के पैर जैसे |
| इ) | रोबोनिल | iii) | साधारण रोबोट |
| ई) | बलराम | iv) | रंगदार, गुलाबी |
| | | v) | भोला-भाला |
| | | vi) | बुद्धिमान रोबोट |
| | | vii) | मछली की पीठ जैसी । |

www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

8. मेरा बचपन : आत्मकथा : : ईमानदारों के सम्मेलन में : .......................

9. महादेवी वर्मा : प्राणी दया की प्रेरणा : : पंडित राजकिशोर : .......................

10. तेनजिंग नोर्गे : एवरेस्ट पर चढ़ने वाला प्रथम पुरुष : : जुंके ताबी : .......................

11. पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल : ....................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

12. 'कश्मीरी सेब' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

13. कलाम जी का बचपन बड़ी निश्चिंतता और सादगी में कैसे बीता ?

14. सोशल नेटवर्किंग साइट्स का समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ?

15. बिछेंद्री पाल का बचपन कैसे बीता ?

16. 'बाल-शक्ति' टोली ने गाँव की सफाई के लिए क्या-क्या काम किया ?

17. दिनकर जी ने आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कैसे किया है ?

18. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

19. कृष्ण के क्रोध को यशोदा कैसे शांत करती है ?

20. रोबोनिल क्या-क्या काम करता था ?

21. शनि ग्रह का वायुमंडल किन गैसों से बना है ?

**अथवा**

सौरमंडल म शनि ग्रह का क्या स्थान है ?

22. झूठ बोलने से क्या नुकसान होता है ?

**अथवा**

मीना मेडम ने बच्चों को क्या संदेश दिया ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

23. लेखिका की गैरहाजरी में गिल्लू ने दिन कैसे बिताए ? स्पष्ट कीजिए ।

24. बसंत की ईमानदारी का परिचय सोदाहरण दीजिए ।

25. 'मातृभूमि' कविता में प्रकृति सौंदर्य कैसे वर्णित है ?

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक ।

साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

27. कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

**अथवा**

कन्नड़ भाषा एवं संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन के बारे में लिखिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

असफलता ..............................................

..............................................................

..............................................................

............................................ भागो तुम ।

**अथवा**

मुखिया .............................................. ।

.............................................. विवेक ।।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - ख
## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

29. 'नीति' शब्द का अन्य वचन है –

(A) नीतियाँ (B) नीती

(C) नीतीयाँ (D) नीतियों ।

30. 'अमीर' का विलोम शब्द है –

(A) धनिक (B) श्रमिक

(C) गरीब (D) समृद्ध ।

31. निम्न में से पुल्लिंग शब्द है –

(A) मोरनी (B) गाय

(C) हाथी (D) भैंस ।

32. 'परमौषध' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) वृद्धि

(C) गुण (D) यण् ।

33. गाड़ी आने ...................... देर है ।

इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा –

(A) का (B) के

(C) से (D) में ।

34. **क्या तुम थक गई हो**

इस वाक्य के लिए सही विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नवाचक (B) अल्प विराम

(C) विस्मयादि बोधक (D) पूण विराम ।

35. निम्न में 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है –

(A) दशानन (B) रात-दिन

(C) पंचवटी (D) राजवंश ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



36. दिए गए शब्दों में 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया' का शब्द है —

(A) ठहरो (B) चढ़ना

(C) घबराहट (D) सिखाना ।

## खण्ड - ग

## ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4

प्रायः अधिकांश लोग दूसरों के जीवन का अनुसरण करते हैं, इसी में उनको सुख मिलता है । अपनी ताकत को न पहचानकर दूसरों के पीछे निरुद्देश्य चलना केवल अंधानुकरण है । सड़क के किनारे पड़े सूखे पत्ते कमज़ोर और निर्जीव होने पर भी स्वयं को सबके समान गतिशील समझते हैं । दूसरों के बल पर जीने वाले, दूसरों की नीति की नकल करने वाले कभी प्रगति नहीं कर सकते । वास्तविक प्रगति के लिए मनष्य को समय के साथ निज-बल से आगे बढ़ना चाहिए । निज-बल ही सर्वोपरि है, जो मनुष्य को जीवन की ऊँचाइयों तक पहुँचाता है ।

37. दूसरों को प्रायः सुख कैसे मिलता है ?

38. अंधानुकरण से क्या तात्पर्य है ?

39. सड़क के किनारे पड़े पत्ते कैसे हैं ?

40. मनुष्य जीवन में ऊँचाइयों तक कैसे पहुँच सकता है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 4 × 1 = 4

41. एक सेब भी खाने लायक नहीं था ।

42. स्टेशन पर मेरा खूब स्वागत हुआ ।

43. कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं ।

44. तालाब में एक मछली तैर रही थी ।

X. 45. अपने भाई की शादी का कारण देते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए । 1 × 4 = 4

**अथवा**

शैक्षिक प्रवास के लिए पिता से 2,000 रुपए माँगते हुए उन्हें एक पत्र लिखिए ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



XI. 46. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : $1 \times 4 = 4$

क) जनसंख्या वृद्धि की समस्या

* अर्थ
* वृद्धि के कारण और परिणाम
* नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

ख) मेरा कर्नाटक महान

* विषय प्रवेश
* प्राकृतिक स्वरूप
* विशेषता
* उपसंहार ।

ग) इटरनेट से लाभ

* अर्थ
* उपयोग
* वर्तमान आवश्यकता
* उपसंहार ।

www.careerindia.com

www.careerindia.com